# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो ऐप के जरिये दस लोकसभा सीटों के बूथ कार्यकर्ताओं की डिजिटल रैली को किया सम्बोधित।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये विभिन्न प्रत्याशियों ने दाखिल किये पर्चे। आज नामांकन का आखिरी दिन। छब्बीस अप्रैल को होगा मतदान।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने मुजफ्फरनगर में जनसभा को किया संबोधित। मुरादाबाद में लोकसभा कोर ग्रुप की बैठक में भी लिया हिस्सा।
- बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिए अपने बारह उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट की जारी।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक बूथ कार्यकर्ता के लिए अपने आसपास के घटनाक्रम के बारे में जागरूक रहना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वह भाजपा का चेहरा है। हमें बूथ स्तर पर उचित और सर्वोत्तम तैयारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि हम प्रत्येक बूथ पर रिकॉर्ड जीत दर्ज कर सकें। श्री मोदी, कल नमो ऐप के जरिये एक डिजिटल रैली को संबोधित कर रहे थे। इस डिजिटल रैली में उत्तर प्रदेश के तीसरे चरण में आने वाले जिलों संभल, बदांयू, बरेली, आंवला, एटा, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद और मैनपुरी लोकसभा सीटों के बाइस हजार छह सौ अडतालिस बूथों के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर श्री मोदी ने कुछ बूथ अध्यक्षों से संवाद भी किया।

अपने संबोधन के दौरान श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमेशा देश के राजनीतिक विशेषज्ञों को गलत साबित किया है। यूपी बीजेपी के कार्यकर्ता क्या जानते हैं, इसका अंदाज़ा बड़े–बड़े जानकार भी नहीं लगा सकते। चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, कार्यकर्ताओं की मेहनत नये कीर्तिमान बना रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे सभी पुराने चुनावी रिकॉर्ड तोड़ने के संकल्प के साथ काम करें।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये कल गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर ग्यारह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर महेश शर्मा, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मनीष कुमार द्विवेदी, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी के नरेश नौटियाल का नाम शामिल है। इस सीट से जय हिंद नेशनल पार्टी के राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी की कुमारी शालू, सुपर पावर इंडियन पार्टी के रण सिंह डुडी, निर्दलीय शिवम आशुतोष, रोदास गुप्ता, मोहम्मद मुमताज आलम, रितु सिन्हा और इखलाक ने भी पर्चा दाखिल किया हैं। अब तक कुल अठारह प्रत्याशी इस सीट पर नामांकन कर चुके हैं। वहीं अमरोहा में कल बारह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें कांग्रेस से कुंवर दानिश अली समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस सीट के लिए अब तक कुल सत्रह नामांकन हो चुके हैं।

बुलंदशहर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोला सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में नामांकन किया। गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने नामांकन किया।

मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और सरधना विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक अतुल प्रधान और बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी ने नामांकन दाखिल किया।

इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अरूण गोविल पहले ही नामांकन कर चुके हैं। वहीं अलीगढ़ सीट के लिए भी कल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

दूसरे चरण की आठ सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सीट के लिए आज नामांकन का आखिरी दिन है। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इन सीटों पर छबीस अप्रैल को मतदान होगा।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कल मुजफ्फरनगर में भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि एक समय था जब खराब कानून व्यवस्था की वजह से यहां के लोगों को पलायन करना पड़ता था, लेकिन अब योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यकाल में गुंडों और माफियाओं को पलायन करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले की सरकारों के समय में चीनी मिलें बंद हुईं लेकिन अब नई चीनी मिलें खोलने का काम किया गया है। श्री शाह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने देश भर के किसानों के लिए अपनी आवाज बुलंद की थी। उस महान किसान नेता को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का काम हमारी सरकार ने किया है। जनसभा में रालोद नेता जयंत चौधरी भी शामिल हुए। जनसभा के बाद श्री शाह ने मुरादाबाद में लोकसभा कोर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लिया।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कल गाजियाबाद में चुनाव रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है और दो हजार सताइस तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है।

**********

बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिए अपने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। बसपा की इस लिस्ट में बारह उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें मथुरा से उम्मीदवार को बदला गया है, अब सुरेश सिंह यहां से चुनाव लड़ेंगे। वहीं लखनऊ से बीजेपी के उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ मायावती ने सरवर मलिक को टिकट दिया है। बसपा ने गाजियाबाद से नंदकिशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय, मैनपुरी से गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकीजी, उन्नाव से अशोक कुमार पांडे, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशांबी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी और मिर्जापुर सीट से मनीष त्रिपाठी को टिकट दिया है।

**********

निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथ वर्सेस रियलिटी के नाम से एक प्लेटफार्म की शुरूआत की है। इसे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस प्लेफार्म के जरिये सूचनाओं की पुष्टि, भ्रामक सूचनाओं और मिथकों के प्रसार पर रोक लगाने तथा आम चुनाव के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्लेटफॉर्म पर चुनाव से जुडी भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चल रहे मिथकों, महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इस प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं को नियमित आधार पर अपडेट किया जायेगा।

**********

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के सभी हवाई अड्डों से संचालित होने वाली व्यावसायिक उड़ानों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट नजर रख रही है। ये इकाइयां हवाई मार्ग से नगदी और अन्य कीमती सामान की आवाजाही को देख रही हैं। इस संबंध में सूचना व शिकायत प्राप्त करने के लिये टोल फ्री नम्बर–एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य सात पांच चार शून्य अैर व्हाट्सएप नम्बर–छह तीन आठ आठ सात तीन छह तीन सात तीन के साथ एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयकर विभाग ने हवाई अड्डों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट– एआईयू की स्थापना की है। लखनऊ और वाराणसी में स्थायी रूप से एआईयू कार्यरत है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपित राजीव नयन मिश्रा को यूपी एसटीएफ की टीम ने ग्रेटर नोएडा के परी चौक से गिरफ्तार कर लिया है।

सिपाही भर्ती परीक्षा लीक मामले में अब तक तीन सौ से अधिक आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। राज्य सरकार ने परीक्षा लीक मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के लिए एसटीएफ को लगाया था। आरोपित राजीव पहले भी एनएचएम घोटाले में ग्वालियर और यूपी टीईटी पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है।

**********

ईद, रामनवमी, अम्बेडकर जयंती और चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कल कई दिशा निर्देश जारी किये। वीडियो कॉनफ्रेन्सिंग के माध्यम से उन्होंने सभी मंडलायुक्त जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि फील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराये कि धर्मिक कार्यक्रम, पूजा पाठ व अन्य आयोजन निर्धारित स्थान पर ही हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में सड़क व यातायात बाधित कर के धार्मिक आयोजन न किये जाएं। सभी पर्व शान्ति और सौहार्द् के साथ सम्पन्न हों, इसके लिये स्थानीय आवश्यकताओं को लेकर जरूरी प्रबंध सुनिश्चित कराया जाए।

**********